झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Jharkhand
चेड़ी-मनातू, पो. कमड़े, थाना – कांके, रांची- 835222, झारखंड

अक्टूबर से दिसंबर, 2023
हिन्दी कार्यशाला रिपोर्ट

दिनांक 15 दिसंबर, 2023 को राजभाषा प्रकोष्ठ, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 'सरकारी कामकाज में अनुवाद की भूमिका' विषय पर एक तिमाही हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्णिया विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. वंदना भारती उपस्थित रहीं। डॉ. वंदना भारती ने अपने व्याख्यान में कहा कि साहित्यिक अनुवाद की तुलना में कार्यालयी अनुवाद थोड़ा बोझिल है क्योंकि साहित्यिक अनुवाद में फैलाव की सुविधा है पर कार्यालयी अनुवाद में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने अनुवाद की सैद्धांतिकी और व्यावहारिक स्वरूप को कार्यशाला में वृहद रूप से समझाया। इसी क्रम में डॉ. वंदना ने कार्यालय अनुवाद में पारिभाषिक शब्दावली के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि संविधान के भाग-17 के अनुच्छेद 347 से 351 में उल्लिखित द्विभाषा पद्धति की रीढ़ अनुवाद ही है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री के.के.राव ने कहा कि हम हिंदी भाषी होते हुए भी हिंदी में टिप्पण कार्य से बचते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय में अनुवाद से संबंधित नए-नए सॉफ्टवेयर या सामग्रियों को उपलब्ध होना चाहिए। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रो. कुंज बिहारी पंडा ने कहा कि मैं अहिंदी भाषी राज्य से आता हूं उसके बावजूद भी गलतियों की परवाह किए बिना हिंदी में बोलता और पढ़ता हूं। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि गलतियों से घबराना नहीं चाहिए और लगातार हिंदी लिखने पढ़ने की कोशिश करते रहना चाहिए। परीक्षा नियंत्रक श्री बी.बी.मिश्रा ने विश्वविद्यालय में हिंदी कार्यशालाओं के नियमित रूप से आयोजित किए जाने पर हिंदी अधिकारी (प्रभारी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे विश्वविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक कामकाज करने में मदद मिलेगी।

प्रभारी हिंदी अधिकारी डॉ.उपेंद्र कुमार 'सत्यार्थी' ने हिंदी कार्यशाला की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुवाद दो भाषाओं के बीच सेतु का काम करता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के उप-कुलसचिव श्री उज्जवल कुमार, सहायक कुलसचिव नफीस अहमद खान, जनसंपर्क अधिकारी नरेंद्र कुमार आदि के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.उपेंद्र कुमार 'सत्यार्थी' तथा धन्यवाद ज्ञापन उप-कुलसचिव श्री अब्दुल हलीम ने किया।

रिपोर्ट : डॉ.उपेंद्र कुमार

झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Jharkhand

चेड़ी-मनातू, पो. कमड़े, थाना – कांके, रांची- 835222, झारखंड

श्री के.के.राव, कुलसचिव

डॉ.वंदना भारती, सहायक प्रोफेसर,
पुर्णिया विश्वविद्यालय

श्री अब्दुल हलीम, उप-कुलसचिव

डॉ. उपेन्द्र कुमार, हिन्दी अधिकारी

झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Jharkhand

चेड़ी-मनातू, पो. कमड़े, थाना – कांके, रांची- 835222, झारखंड